# कार्यपत्र–2

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) नीचे दिए वर्णों में से कौन–सा वर्ण स्वर नहीं है? (iii) ञ ✓

(ख) वर्णमाला में 'ह' वर्ण कहलाता है– (i) ऊष्म ✓

(ग) य, र, ल, व हैं– (iv) अंतःस्थ व्यंजन ✓

(घ) दो व्यंजनों के योग से बने व्यंजन क्या कहलाते हैं? (ii) संयुक्ताक्षर ✓

(ङ) स्वररहित व्यंजन के उच्चारण को दर्शाने के लिए लगाया जाता है– (iii) हलंत ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके आगे और टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाते हैं। क्, ख्, ग् आदि वर्ण हैं।

(ख) जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से होता है, वे व्यंजन कहलाते हैं। व्यंजन के तीन भेद हैं–

1. स्पर्श व्यंजन  2. अंतःस्थ व्यंजन  3. ऊष्म व्यंजन

(ग) व्यंजनों के साथ जुड़ने वाले स्वर चिह्न मात्रा चिह्न कहलाते हैं। मात्रा चिह्न हैं– ा, ि, ी, ु, ू, ृ, े, ै, ो, ौ।

(घ) जब कोई स्वर रहित व्यंजन स्वर सहित व्यंजन से संयुक्त होता है तो उसे द्वित्व व्यंजन कहते हैं। जैसे– कच्चा, बच्चा आदि।

(ङ) जब किसी ध्वनि को बोलते समय हवा केवल नाक से निकले तो उसे अनुस्वार कहते हैं। जैसे– पंख, शंख आदि। जब ध्वनि को बोलते समय हवा नाक और मुँह दोनों से निकले तो उसे अनुनासिक कहते हैं। जैसे– चाँद, गाँव आदि।

**3. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आशीर्वाद | आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ |
| (ख) | सच्चाई | स् + अ + च् + च् + आ + ई |
| (ग) | परीक्षा | प् + अ + र् + ई + क् + ष् + आ |
| (घ) | व्यवहार | व् + य् + अ + व् + अ + ह् + आ + र् + अ |
| (ङ) | राष्ट्रीय | र् + आ + ष् + ट् + र् + ई + य् + अ |

**4. वर्ण-संयोजन कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | प् + उ + ज् + आ + र् + ई | पुजारी |
| (ख) | प् + र् + अ + क् + ऋ + त् + इ | प्रकृति |
| (ग) | अ + ध् + य् + आ + प् + इ + क् + आ | अध्यापिका |
| (घ) | ग् + र् + आ + म् + ई + ण् + अ | ग्रामीण |
| (ङ) | आ + व् + अ + श् + य् + अ + क् + अ | आवश्यक |